Prabodhan Education Society's
Vidya Prabodhini College of Commerce, Education Computer and Management
Parvari Goa

TYBABED/FOYBABED SEMESTER END EXAMINATION JANUARY 2022

COURSE TITLE & PAPER VI: आधुनिक हिंदी काव्य

Semester: V/VII **Duration:** 2 Hours **Max Marks: 70**

सूचनाएँ:

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- प्रत्येक मुख्य प्रश्नों का उत्तर नए पन्ने पर ही शुरू करें।
- प्रश्न क्रमांक और उप-प्रश्न क्रमांक स्पष्ट रूप से लिखिए।
- दायी ओर दर्शाएँ हुए अंक प्रश्न के गुण दर्शाते हैं।

प्र.1. निम्नलिखित प्रश्नों से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए। (3x5=15)

I. महादेवी वर्मा का परिचय लिखिए।
II. फोर्ट विलियम कॉलेज का खड़ी-बोली के क्षेत्र में क्या योगदान रहा?
III. भारतेंदु युगीन देशभक्ति पर प्रकाश डालिए।
IV. 'हाथ' कविता का भाव स्पष्ट कीजिए।
V. 'टमाटर बेचने वाली बुढ़िया' कविता में मातृत्व का भाव कैसे देखा जा सकता है?

प्र.2. निम्नलिखित प्रश्नों से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए। (3x5=15)

I. छायावाद की कोई दो परिभाषाएँ लिखिए।
II. प्रगतिवादी काव्य और प्रगतिशील काव्य में अंतर स्पष्ट कीजिए।
III. प्रयोगवाद के लक्ष्य को उजागर कीजिए।
IV. 'एक ठेठ देहाती कार्यकर्ता के प्रति' कविता में व्यक्त देहातीपन को रेखांकित कीजिए।
V. 'बोझे' कविता के भाव पर प्रकाश डालिए।

प्र.3.अ) निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। (05)

i) तुमने कभी देखा है
ख़ाली कटोरों में बसन्त का उतरना!
यह शहर इसी तरह खुलता है
इसी तरह भरता है
और ख़ाली होता है, यह शहर

Scanned with CamScanner

इसी तरह रोज़-रोज़ एक अनन्त शव
ले जाते हैं कन्धे

अथवा

ii) बहते हुए चंचल जल के प्रति
मानो उसकी आँखें कहती हों-
'अब हो गई शाम
अच्छा भाई पानी
राम! राम!'

आ. i) केदारनाथ सिंह की कविताएँ बिंबात्मक हैं। पठित कविताओं के आधार पर प्रस्तुत कथन को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए (05)

अथवा

ii.) 'सन् 47 को याद करते हुए' कविता में व्यक्त त्रासदी का विवेचन कीजिए। (05)

प्र.4.अ) भारतेंदु युगीन राजनीतिक एवं सामाजिक परिस्थितियों को लिखिए। (10)

अथवा

आ. टिप्पणियाँ लिखिए (5+5)

i. महादेव गोविंद रानाडे।
ii. आर्यसमाज

प्र.5.अ.) प्रगतिवाद की काव्य प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए। (10)

अथवा

आ. टिप्पणियाँ लिखिए। (5+5)

i. महावीर प्रसाद द्विवेदी का भाषा सुधार में योगदान।
ii. छायावाद में अलौकिक प्रेम चित्रण।

प्र.6.अ) प्रयोगवाद को परिभाषित करते हुए उसके स्वरूप को स्पष्ट कीजिए। (10)

अथवा

Scanned with CamScanner

(5+5)

आ. टिप्पणियाँ लिखिए।

i. नई कविता में लघु मानव एवं परंपरा विरोध।

ii. समकालीन कविता में सामाजिक बोध।

Scanned with CamScanner